# पार्टनर्स इन एक्सीलेंस पुरस्कार से ईशा और शलभ हुए सम्मानित

आगरा। प्रमाणित वित्तीय योजनाकार विभव कैपिटल के संचालक शलभ गुप्ता विभव व उनकी पत्नी ईशा गुप्ता को एएमएफआई (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) द्वारा प्रारंभ किए गए पार्टनर्स इन एक्सीलेंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हाल में मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में बंधन म्युचुअल फंड के सीईओ विशाल कपूर व ओल्ड ब्रिज एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ रुचि पांडे द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान जोन 4 से वूमेन एमएफडी के रूप में उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल रहे। ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु व पद्मश्री अरुंधति भट्टाचार्या भी इस कार्यक्रम में रहीं। यह आयोजन म्यूचुअल फंड निवेश को बढ़ावा देने में देश के म्यूचुअल फंड वितरकों और पंजीकृत निवेश सलाहकारों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए किया गया। सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार ने म्यूचुअल फंड वितरकों के प्रयासों की सराहना की।




मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में ईशा और शलभ हुए सम्मानित।

# ईशा और शलब गुप्ता विभव को मिला एमएफडी पुरस्कार




ईशा गुप्ता और शलव गुप्ता विभव को म्युचुअल फंड्स उद्योग के क्षेत्र के वूमेन एमएफडी पुरस्कार से सम्मानित किया गया ● सौ. स्वयं

**आगरा:** आगरा निवासी कारोबारी दंपती ने शानदार सफलता पाई है। विभव कैपिटल के शलब गुप्ता विभव और उनकी पत्नी ईशा गुप्ता को एसोसिएशन आफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआइ) द्वारा पार्टनर्स इन एक्सीलेंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान उनके उत्कृष्ट व्यावसायिक प्रदर्शन के लिए एक मार्च को मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में दिया गया।

उन्हें बंधन म्युचुअल फंड के सीईओ विशाल कपूर व ओल्ड ब्रिज असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ रुचि पांडे ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जोन चार से वूमेन एमएफडी के रूप में उनका अभूतपूर्व योगदान सराहनीय है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, ओलंपिक और विश्व बैडमिंटन चैंपियन पीवी सिंधु, सेल्सफोर्स की चेयरपर्सन और सीईओ पद्मश्री अरुंधति भट्टाचार्या मौजूद रहीं। सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार ने म्युचुअल फंड वितरकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ये हमारे ऐसे चैंपियन हैं, जो अपनी दृढ़ता और अनुनय के माध्यम से वित्तीय समावेशन में एक महान सेवा कर रहे हैं। वि.

# शलब, ईशा को 'पार्टनर्स इन एक्सीलेंस' अवार्ड

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान शलब और ईशा गुप्ता.

**मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में हुए समारोह में ईशा गुप्ता को वूमेन एमएफडी पुरस्कार**

agra@inext.co.in

**AGRA (6 March) :** उप्र की प्रमुख फाइनेंशियल एडवाइजर कंपनी विभव कैपिटल के शलब गुप्ता विभव और उनकी पत्नी ईशा गुप्ता को 'पार्टनर्स इन एक्सीलेंस' अवार्ड से नवाजा गया है. मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में एक मार्च को हुए समारोह में एएमएफआई की ओर से शुरू किए गए इस पुरस्कार के साथ ईशा गुप्ता को वूमेन एमएफडी पुरस्कार भी दिया गया.

## विश्वास का प्रमाणः शलब

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में बंधन म्युचुअल फंड के सीईओ विशाल कपूर और ओल्ड ब्रिज असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ रुचि पांडे ने शलब गुप्ता और ईशा गुप्ता को यह पुरस्कार प्रदान किया. शलब गुप्ता ने कहा कि यह कठिन परिश्रम का परिणाम है. यह सम्मान अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है. यह उन लोगों के अटूट विश्वास और समर्थन का प्रमाण है. इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने स्व. दादा और दीदी को दिया.

## निवेश को दे रहे बढ़ावा

म्यूचुअल फंडस से जुड़े संगठनों ने हाल में ही पार्टनर्स इन एक्सीलेंस पुरस्कार की घोषणा की है. जो निवेश को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है. कार्यक्रम में सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार, एएफएफआई के चेयरमैन नवनीत मुनोत, ओलंपिक मेडलिस्ट और विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और सेल्फफोर्स की चेयरपर्सन पद्मश्री अरुंधति भट्टाचार्य भी मौजूद रहीं. कार्यक्रम में म्यूचुअल फंड्स इंडस्ट्री के गणमान्य लोग शामिल थे. उपाध्यक्ष एंथनी हेरेडिया ने सभी का आभार व्यक्त किया.

# पार्टनर्स इन एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजे गए शलब गुप्ता और ईशा



मुंबई में पुरस्कृत किए गए वित्तीय सलाहकार शलब गुप्ता और ईशा गुप्ता। स्रोत : स्वयं

माई सिटी रिपोर्टर

**मुंबई में जिओ कन्वेंशन सेंटर में हुए समारोह में ईशा गुप्ता को वूमेन एमएफडी पुरस्कार भी दिया गया**

आगरा। प्रदेश के सबसे बड़े वित्तीय सलाहकार फर्म विभव कैपिटल के शलब गुप्ता और उनकी पत्नी ईशा गुप्ता को पार्टनर्स इन एक्सीलेंस पुरस्कार से नवाजा गया है। मुंबई के जिओ कन्वेंशन सेंटर में एक मार्च को हुए समारोह में एएमएफआई की ओर से शुरू किए गए इस पुरस्कार के साथ ईशा गुप्ता को वूमेन एमएफडी पुरस्कार भी दिया गया।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में बंधन म्यूचुअल फंड के सीईओ बिशाल कपूर और ओल्ड ब्रिज असेट मैनेजमेंट प्रा. लि. की सीईओ रुचि पांडे ने शलब गुप्ता और ईशा गुप्ता को यह पुरस्कार प्रदान किए गए।

शलब गुप्ता ने कहा कि यह कठिन परिश्रम का परिणाम है। यह सम्मान अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। यह उन लोगों के अटूट विश्वास और समर्थन का प्रमाण है, जो हर कदम पर मेरे साथ हैं। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने स्व. दादा और दीदी को दिया।

म्यूचुअल फंडस से जुड़े संगठनों ने हाल में ही पार्टनर्स इन एक्सीलेंस पुरस्कार की घोषणा की है, जो निवेश को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है। कार्यक्रम में सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार, एएफएफआई के चेयरमैन नवनीत मुनोत, ओलंपिक मेडलिस्ट और विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और सेल्सफोर्स की चेयरपर्सन पदमश्री अरुंधति भट्टाचार्य भी मौजूद रहीं।


EESHA GUPTA
NET SALES – EQUITY AND HYBRID
TOP WOMAN MFD
PARTNERS
IN EXCELLENCE
AMFI
MUTUAL
FUND
SUMMIT
2025


OP WOMAN MFD